अर्नब चक्रवात की बारिश से सीवान में धान की फसल को भारी नुकसान, सब्जी कारोबार पर भी संकट

सीवान। बंगाल की खाड़ी से उठे चक्रवाती तूफान %अर्नब% का असर सीवान जिले में लगातार देखने को मिल रहा है। पिछले दो दिनों से हो रही बारिश और 25 से 36 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही तेज हवाओं ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। खेतों में पककर तैयार खड़ी धान की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। तेज हवा के कारण कई इलाकों में धान की फसल खेतों में गिर गई है। वहीं, लगातार बारिश के कारण खेतों में नमी बढ़ने से कटाई का काम भी प्रभावित हो रहा है। इस बेमौसम बारिश ने किसानों की सालभर की मेहनत पर पानी फेरने की आशंका पैदा कर दी है।

कृषि विभाग के अनुसार, इस वर्ष जिले में 1,07,963 हेक्टेयर में धान की खेती का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। लेकिन अब तक महज 8 से 10 प्रतिशत धान की ही कटाई हो पाई है। ऐसे में अधिकांश फसल अभी खेतों में ही खड़ी है। कटाई के ऐन मौके पर हुई बारिश और तेज हवा से खेतों में गिरी धान की बालियों के दाने खराब होने, उनमें अंकुरण होने और गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका है। खेतों में पानी और कीचड़ के कारण कटाई एवं फसल की ढुलाई में भी परेशानी होगी। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

बारिश का असर केवल धान की खेती तक सीमित नहीं रहने वाला है। जिले में सब्जी की खेती और सब्जी कारोबार पर भी इसका व्यापक प्रभाव पड़ने की आशंका है। लगातार बारिश से खेतों में लगी फूलगोभी, पत्तागोभी, टमाटर, बैंगन, मिर्च और अन्य मौसमी सब्जियों की फसल प्रभावित हो सकती है। खेतों में जलजमाव और अधिक नमी के कारण सब्जियों में सड़न और रोग लगने का खतरा बढ़ गया है। वहीं, बारिश और खराब मौसम के कारण सब्जियों की तुड़ाई, खेतों से मंडियों तक ढुलाई और बाजार में बिक्री भी प्रभावित होगी। सब्जियों की आवक कम होने और परिवहन में परेशानी के कारण कारोबारियों के साथ किसानों को भी नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसका असर आने वाले दिनों में सब्जियों की कीमतों पर भी पड़ सकता है। जिले में पिछले 24 घंटे के दौरान औसतन 19.97 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। रघुनाथपुर प्रखंड में सर्वाधिक 47 मिलीमीटर, सिसवन में 44, बड़हरिया में 22, पचरुखी में 20, जीरादेई में 19 और सीवान शहर में 16 मिलीमीटर बारिश हुई है।

लगातार बारिश के कारण तापमान में भी गिरावट आई है। अधिकतम तापमान 23 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। वातावरण में नमी बढ़ने से रात में हल्की ठंड का एहसास होने लगा है। शुक्रवार को भी जिले के कई इलाकों में रुक-रुककर बारिश होती रही। मौसम के इस बदले मिजाज ने किसानों से लेकर सब्जी उत्पादकों, कारोबारियों और आम लोगों तक की परेशानी बढ़ा दी है।

जनगणना-2027 के द्वितीय चरण को लेकर प्रशिक्षण

गोपालगंज। जिला परिषद सभागार गोपालगंज में जनगणना-2027 के द्वितीय चरण (जनसंख्या परिगणना) के सफल एवं सुचारू संचालन को लेकर जिला स्तरीय एवं चार्ज स्तरीय पदाधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पदाधिकारी-सह-प्रधान जनगणना अधिकारी श्री समीर सौरभ (भा.प्र.से.) द्वारा किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनगणना के द्वितीय चरण की प्रक्रिया, कार्ययोजना, समय-सीमा एवं विभिन्न पदाधिकारियों की जिम्मेदारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि



जनगणना-2027 का द्वितीय चरण वर्ष 2027 में प्रारंभ होगा। इसके अंतर्गत 1 फरवरी से 28 फरवरी 2027 की मध्यरात्रि को संदर्भ तिथि मानते हुए जनसंख्या परिगणना का कार्य किया जाएगा। वहीं, 1 मार्च 2027 को संदर्भ तिथि मानते हुए यह प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आगे संपन्न होगी। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि प्रथम चरण की तरह द्वितीय चरण में भी स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) का विकल्प उपलब्ध रहेगा। इसके माध्यम से नागरिक स्वयं अपनी आवश्यक जनगणना संबंधी जानकारी डिजिटल माध्यम से दर्ज कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि इस बार की जनगणना पूर्णतः डिजिटल माध्यम से संपन्न कराई जाएगी। इसके लिए आधुनिक तकनीक एवं डिजिटल उपकरणों का उपयोग किया जाएगा। प्रशिक्षण में पदाधिकारियों को जनगणना कार्य के विभिन्न तकनीकी एवं प्रशासनिक पहलुओं से अवगत कराया गया तथा कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर शुद्धता एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने का निर्देश दिया गया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त श्री गौरव कुमार, निदेशक डीआरडीए, वरीय कोषागार पदाधिकारी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, सभी संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी कार्यपालक पदाधिकारी एवं सभी अपर चार्ज जनगणना पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

समाहरणालय, बक्सर
(जिला बाल संरक्षण इकाई)
बाल कल्याण समिति,
बक्सर के आदेशानुसार गुमशुदा बालिका की सूचना

नाम : अंशिका (काल्पनिक नाम) रंग : साँवला
उम्र : 06 दिन (उपस्थापन तिथि को) माता/पिता–अज्ञात
प्राप्ति तिथि/स्थल : दिनांक 30.09.2026 को मुरार थाना अंतर्गत मलहिया फिल्ड के पास मनपा पुल की ओर जाने वाली पक्की सड़क के किनारे पड़ी हुई थी, जिला–बक्सर।
समिति के समक्ष उपस्थापन की तिथि–05.10.2026
(वर्तमान में बालिका विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान, बक्सर में आवासित है)



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त वर्णित बच्चे के माता–पिता/अभिभावक/परिजन बच्चे की प्रेस विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के अंदर साक्ष्य के साथ अपना दावा कार्यालय विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान/बाल कल्याण समिति/जिला बाल संरक्षण इकाई, बक्सर, बिहार (सम्पर्क नं0–9939679408, 9709661625 एवं ईमेल–adcpubuxar01@gmail.com) के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। उपरोक्त वर्णित समयावधि के उपरान्त कोई दावा मान्य नहीं होगा और बालिका को दत्तकग्रहण विनियम 2022 (अन्य प्रावधानित निर्देशों सहित) के प्रावधानानुसार उपयुक्त दंपति को गोद देने हेतु कानूनी रूप से मुक्त घोषित करने की कार्रवाई की जाएगी।

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR. No. 014461 (B&C) 2026-27

सहायक निदेशक,
जिला बाल संरक्षण इकाई
बक्सर

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिहार सरकार

समाहरणालय, जहानाबाद
ई–मेल :– dm-jehanabad.bih@nic.in वेबसाईट :– jehanabad.bih.nic.in
दूरभाष/फैक्स :–06114–223142

(जिला नजारत शाखा)
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

निदेशक, सांस्कृतिक कार्य, कला एवं संस्कृति विभाग बिहार पटना के पत्रांक 1241 दिनांक 15.10.2026 द्वारा वित्तीय वर्ष 2026–27 में राज्य स्तरीय युवा उत्सव दिनांक 03.12.2026 से 05.12.2026 तक जहानाबाद जिला में आयोजन प्रस्तावित है। उक्त कार्यक्रम के सुचारू एवं सफल कार्यान्वयन के निमित गाँधी मैदान जहानाबाद में विभिन्न कार्य सम्पन्न हेतु इच्छुक फर्म/संस्था/व्यक्ति से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा आमंत्रण एवं निस्तारण की तिथि निम्न प्रकार है:–

प्रथम		द्वितीय निविदा		तृतीय निविदा	
निविदा आमंत्रण की तिथि 06.11.2026 (01:00 बजे अपराह्न)	निस्तारण की तिथि 06.11.2026 (02:00 बजे अपराह्न)	निविदा आमंत्रण की तिथि 14.11.2026 (01:00 बजे अपराह्न)	निस्तारण की तिथि 14.11.2026 (02:00 बजे अपराह्न)	निविदा आमंत्रण की तिथि 21.11.2026 (01:00 बजे अपराह्न)	निस्तारण की तिथि 21.11.2026 (02:00 बजे अपराह्न)

निविदा जिला नजारत शाखा जहानाबाद में द्वि–पद्धति मुहरबंद लिफाफे में प्राप्त की जायेगी। प्राप्त निविदा दिनांक 07.11.2026 को अपराह्न 02:00 बजे निविदा समिति द्वारा निविदादाता या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि (प्राधिकार पत्र के साथ) की उपस्थिति में निविदा खोली जायेगी। निविदा के शर्तों एवं विशिष्टियों के लिए जिला के वेबसाईट–www.jehanabad.nic.in पर या जिला नजारत शाखा, जहानाबाद से संपर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।

दिनांक 04.11.2026 को अपराह्न 03:00 बजे समाहरणालय में स्थित सभा कक्ष में उक्त कार्यक्रम से संबंधित विभिन्न कार्य का विस्तृत विवरण एवं प्रस्तुतिकरण जिला प्रशासन के द्वारा किया जायेगा। अतः सभी इच्छुक निविदादाता को सूचित किया जाता है कि उक्त बैठक में ससमय उपस्थिति होना सुनिश्चित करें।

NOTE:
- Representative sample designs have been provided in the Annexure for reference. The design of the pandal, entrance gates, sculptures, and other decorative elements shall conform as closely as practicable to the attached samples. Interested bidders shall be required to present their proposed designs during the pre-bid meeting. The final designs shall be approved by the competent authority before execution of the work, following the award of the tender. Payment shall be made strictly in accordance with the approved designs and the actual work executed, subject to verification and certification by the competent authority.
- The entire arrangement is intended for a State-level programme, with events scheduled to continue from the forenoon until late evening. Accordingly, the bidder shall ensure adequate lighting arrangements throughout the event venue, including all key areas and access routes, while maintaining the aesthetic appeal and decorative features of the overall setup.

इसके अतिरिक्त भी स्थल पर आवश्यकतानुसार कार्य कराया जा सकता है।

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 014585 (District) 2026-27

जिला पदाधिकारी,
जहानाबाद

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

उद्योग एवं स्वरोजगार योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने का निर्देश

गोपालगंज। समाहरणालय सभागार में उप विकास आयुक्त गौरव कुमार की उपस्थिति में उद्योग विभाग की योजनाओं क्ब्धतक क्ब्स्रस्थ एवं पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्रतिनिधि एवं विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक उपस्थित रहे। बैठक में जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक द्वारा बिहार एमएसएमई नीति-2026, मुख्यमंत्री सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग क्लस्टर विकास योजना-2026, सूक्ष्म एवं लघु उद्यम सुविधा परिषद नियमावली-2026 तथा बिहार स्टार्टअप नीति की जानकारी दी गई। समीक्षा के दौरान वित्तीय वर्ष 2026-27 में क्ब्स्रस्थ योजना के तहत कुल 281 के लक्ष्य के विरूद्ध 89 आवेदनों की स्वीकृति तथा 62 आवेदनों का भुगतान पाया गया। वहीं, पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत विभिन्न बैंकों द्वारा अब तक 280 आवेदनों को स्वीकृति तथा 238 आवेदनों का भुगतान किया गया है। उप विकास आयुक्त ने योजनाओं में बैंकों की धीमी प्रगति एवं बिना ठोस कारण आवेदनों को अस्वीकृत किए जाने पर बैंकों के विरूद्ध उनके वरीय पदाधिकारियों को अनुशासनिक कार्रवाई हेतु पत्र भेजने का निर्देश महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र को दिया। बैठक में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना (क्ब्स्तस्ख्ख्) की भी समीक्षा की गई। कार्यपालक अभियंता, विद्युत द्वारा बताया गया कि विभिन्न बैंकों में 71 आवेदन लंबित हैं, 32 आवेदनों में आंशिक भुगतान किया गया है तथा 57 स्वीकृत आवेदनों का भुगतान लंबित है। उप विकास आयुक्त ने सभी बैंक जिला समन्वयकों को स्वीकृत आवेदनों का भुगतान यथाशीघ्र सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों को स्पष्ट किया कि सरकार की उद्योगोन्मुखी नीतियों एवं स्वरोजगारपरक योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक समयबद्ध रूप से पहुंचाना सुनिश्चित करें।

गोपाल मोटर में भीषण आग, उठीं ऊंची लपटें

गोपालगंज। शहर के मिंज स्टेडियम के समीप बैंक ऑफ इंडिया के पास शुक्रवार को गोपाल मोटर में अचानक भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग की ऊंची लपटें और आसमान में उठते धुएं के गुबार को देखकर आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। घटना के बाद सड़क पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गोपाल मोटर में आग लगते ही तेजी से फैलने लगी। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इस दौरान आग की चपेट से ब्लास्ट जैसी कई तेज आवाजें सुनाई देने लगीं। लगातार हो रही तेज आवाजों और आग की भयावह लपटों को देखकर आसपास के दुकानदारों और स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल कायम हो गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए लोग अपनी दुकानों और प्रतिष्ठानों को सुरक्षित करने में जुट गए। घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम कई दमकल वाहनों के साथ मौके पर पहुंची, दमकलकर्मियों ने तत्काल आग बुझाने का अभियान शुरू कर दिया। आग की भयावहता को देखते हुए कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। आग आसपास की दुकानों और अन्य प्रतिष्ठानों तक नहीं फैले, इसके लिए विशेष सतर्कता बरती गई। घटना के बाद इलाके में सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ गई। स्थानीय लोग आग पर जल्द से जल्द काबू पाने की प्रार्थना करते नजर आए। फिलहाल आग लगने के वास्तविक कारणों का पता नहीं चल सका है। शॉर्ट सर्किट समेत अन्य कारणों से आग लगने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। वहीं, गोपाल मोटर में आग से कितने सामान और संपत्ति का नुकसान हुआ है, इसका आकलन भी नहीं हो सका है।

परिवादों के समयबद्ध निष्पादन का निर्देश

गोपालगंज। 'सबका सम्मान जीवन आसान' कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को डीएम के कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला पदाधिकारी समीर सौरभ की उपस्थिति में जनता दरबार आयोजित हुआ। इसमें कुल 5 आवेदनों पर सुनवाई हुई, जिनमें 4 भूमि एवं राजस्व तथा 01 अन्य विभाग से संबंधित थे। डीएम ने संबंधित पदाधिकारियों को आवेदनों की जाँच कर नियमानुसार त्वरित एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। स्पष्ट किया कि शिकायतों के निष्पादन में अनावश्यक विलंब नहीं हो तथा आम नागरिकों को त्वरित राहत मिले।

धतीवना पंचायत में टीबी जांच शिविर आज

थावे। थावे प्रखंड क्षेत्र में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की ओर से शनिवार को धतीवना पंचायत में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में टीबी के संभावित मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

न्यायालय सिविल जज (वरीय कोटि) 8 मो. सिवान
विभाजन वाद सं. 1938/2022
शिवनाथ सिंह------वादी
बनाम
श्रीमती सुनरपति देवी वो----प्रतिवादिगण
नोटिस बनाम
1. जयनारायण सिह 2. तेजनारायण सिंह पुत्रगण स्व0 राजबली सिंह निवासी मौजा वो डा0 कन्हौली थाना दरौली जिला-सिवान: 3. राजेश सिंह 4. बबलू सिंह पुत्रगण स्व0 नथुनी सिंह निवासी मौजा वो डा0 बखरी थाना सिसवन जिला-सिवान।
चूं आपलोगो पर न्यांयालय द्वारा सम्मन एवं निर्बंधित सम्मन का तामीला कराया गया इसके वावजूद भी आपलोग न्यायालय में उपस्थित नही हुए जिसके कारण वाद कि अग्रीम कार्यवाही बाधित है।
अत: वजरिये प्रकाशन द्वारा आपलोगो को सूचित किया जाता हैकि आप लोग बता0 17 माह 12 सन 2026 ई0को 10-30 वजे दिन में वकालत या असालतन मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर उक्त वाद में अपना उचित पैरवी करें। अन्यथा आपलोगों के अनुपस्थिति में वाद कि अग्रीम कार्यवाही एकपक्षीय अमल में लायी जायेगी।
इसे सख्त ताकिद जानें।
आज दिनांक 27 माह 10 सन 2026 ई0 को मेरे हस्ताक्षर वो अदालत के मुहर से जारी हुआ।
सिविल जज वरीय कोटि 8 सीवान।
9/484/26

बिहार सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सुपौल
Email Id:- ee.supaul.bcd@gmail.com
(ई0 निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
अति अल्पकालीन द्वितीय शुद्धि पत्र

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक–1960 अनु0 दिनांक– 13.10.2026 द्वारा अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–17/2026–27 जिसका PR. No.-013703 (BCD) 2026-27 है जो दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित हुआ है, अपरिहार्य कारणवश निम्न तिथियों में संशोधन किया जाता है।

क्र0 सं0	कार्य का नाम
1.	डॉ0 अम्बेडकर कल्याण छात्रावास, निर्मली, सुपौल के पुराने भवन का मरम्मति एवं रंग–रोगन कार्य।

क्र0 सं0	विवरण	निविदा में निर्धारित तिथि एवं समय	नये संशोधित (अवधि विस्तारित) तिथि एवं समय
2.	परिमाण–विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय	दिनांक–28.10.2026 तक 1:00 बजे अपराह्न तक।	दिनांक–07.11.2026 तक 1:00 बजे अपराह्न तक।
3.	निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय	दिनांक–29.10.2026 तक 3:00 बजे अपराह्न तक।	दिनांक–07.11.2026 तक 3:00 बजे अपराह्न तक।
4.	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	दिनांक–29.10.2026 के 3:30 बजे अपराह्न तक।	दिनांक–07.11.2026 के 3:30 बजे अपराह्न तक।

शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

PR- 014501 (B C D) 2026-27

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, सुपौल

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

छतीसी में पीट-पीटकर महिला की हत्या, छह पर प्राथमिकी

बड़हरिया (सीवान)। बड़हरिया थाना क्षेत्र के छतीसी गांव में आपसी रंजिश को लेकर 50 वर्षीय महिला की पीट-पीटकर हत्या कर दिए जाने का मामला सामने आया है। घटना शुक्रवार की बताई जा रही है। मृतका की पहचान गांव निवासी विद्या मांझी की पत्नी सोना देवी (50) के रूप में हुई है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार को गांव के विदेश मांझी सहित कुछ लोगों के साथ विवाद हुआ था। हालांकि, उस दिन मामला शांत हो गया था। आरोप है कि शुक्रवार को वीरेश मांझी, प्रिंस मांझी सहित छह लोगों ने दोबारा विवाद शुरू कर दिया। इसी दौरान सोना देवी के साथ बेरहमी से मारपीट की गई, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष छोटन कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने मृतका के परिजनों से पूछताछ की और शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।

गमछे के फंदे से लटका मिला गोपालगंज के युवक का शव

लकड़ी नबीगंज (सीवान)। स्थानीय थाना क्षेत्र की भोपतपुर पंचायत स्थित बाला तेगा मोड़ के समीप एक सुनसान दालान में गोपालगंज जिले के युवक का गमछे के फंदे से लटका शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी।

मृतक की पहचान गोपालगंज जिले के महम्मदपुर थाना क्षेत्र के बिलरपुर गांव निवासी संतोष गिरी के रूप में हुई है। पुलिस ने घटनास्थल पर एफएसएल की टीम को भी बुलाया, जिसने विभिन्न स्थानों से आवश्यक नमूने एकत्र किए। इसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

स्थानीय लोगों के अनुसार, युवक मजदूरी करता था और उसका इस इलाके में नियमित रूप से आना-जाना था। लोगों ने उसके नशे का आदी होने की भी बात बताई। युवक की मौत को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। हालांकि, मौत के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है।

न्यायालय प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय मो. सीवान, मो. सिवान।
शादी संबंध विच्छेद वाद सं-8/2026-
विशाल कुमार ----आवेदक
बनाम
प्रशंसा देवी वो. -----विपक्षी गण
नोटिस बनाम : 1- प्रशंसा देवी जौजा विशाल कुमार ग्राम पो0 अरण्डा, थाना एम0एच0 नगर हसनपुरा जिला सिवान पुत्री महेश पाण्डेय, गाम अरण्डा, थाना एम0एच0नगर जिला-सिवान वर्तमान पता ग्राम पो0 बंकीखाल, थाना उचकागांव जिला गोपालगंज 2- प्रेमदीप कुमार तिवारी पिता देवतन तिवारी ग्राम पो0 बंकीखाल थाना उचका गाँव जिला-गोपालगंज पिन कोड-841438
चूं आपलोगो पर न्यायालय द्वारा सम्मन एंव निर्वंधित सम्मन का तामिला कराया गया इसके बाद भी आपलोग न्यायालय में उपस्थित नही हूए जिसके कारण वाद कि अग्रीम कार्यवाही वाधित है।
अत: वजरिये प्रकाशन द्वारा आपलोगो को सूचित किया जाता हैकि आप लोग बता0 07 माह 11 सन 2026ई को 10-30 वजे दिन में वकालतन या असालतन मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर उक्त वाद में अपना उचित पैरबी करें। अन्यथा आपलोगों के अनुपस्थिति में वाद कि अग्रीम कार्यवाही एकपक्षीय अमल में लायी जायेगी।
इसे सख्त ताकिद जाने।
आज दिनांक 27 माह 10 सन 2026 ई0 को मेरे हस्ताक्षर वो अदालत के मुहर से जारी हुआ।
प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय सिवान।
9/484/26

न्यायालय जनाब सिविल जज (वरीय कोटि) 03 मो0 सिवान
स्वत्व वाद सं. 164/2023 ई.
कृष्णा चौहान------ वादी
बनाम
दीपक चौहान वो. ----प्रतिवादिगण
नोटिश बनाम: 1- दीपक चौहान वल्द स्व0 रामजश चौहान 2- रामअशीष चौहान 3- सिपाही चौहान 4- राजदेव चौहान पुत्रगण स्व0 बिशुनी चौहान 5- दिनेश चौहान 6- उमेश चौहान 7- रमेश चौहान पुत्रगण स्व0 रामबालक चौहान हाल मुकाम टारीबाजार थाना रघुनाथपुर जिला- सिवान।
चूं आपलोगो पर न्यायालय द्वारा सम्मन एवं निर्बंधित सम्मन का तामीला कराया गया इसके बाद भी आपलोग न्यायालय में उपस्थित नही हुए जिसके कारण वाद कि अग्रीम कार्यवाही बाधित है।
अत: बजरिये प्रकाशन द्वारा आपलोगो को सूचित जाता है कि आपलोग बता 0 4 माह 12 सन 2026 ई0 को 10-30 बजे दिन में वकालतन या असालतन मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर उक्त वाद में अपना उचित पैरवी करें। अन्यथा आपलोगो के अनुपस्थिति में वाद कि अग्रीम कार्यवाही एकपक्षीय अमल में लायी जायेगी।
इसे सख्त सख्त ताकीद जानें।
आज दिनांक-28 माह 9 सन 2026 ई0 को मेरे हस्ताक्षर वो अदालत के मुहर से जारी हुआ।
अडीसनल सिविल जज (वरीय कोटि) 3 सिवान।
9/484/26

समाहरणालय बेगूसराय
(जिला भू–अर्जन कार्यालय)
प्रपत्र VII
समाहर्ता–सह–समुचित सरकार
अधिघोषणा
(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)

चूँकि समाहर्ता को यह प्रतीत होता है, कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा बेगूसराय जिलान्तर्गत बरौनी रेलवे स्टेशन से तेघड़ा रेलवे स्टेशन के बीच अवस्थित LC No-7B पर सड़क उपरि पुल के निर्माण हेतु ग्राम–सोगराहा, थाना–तेघड़ा, राजस्व थाना– 389, अंचल– तेघड़ा, जिला–बेगूसराय में में कुल–0.933 एकड़ यानि 0.37758 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा की जाती है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खंड है, जो मानक माप से कमोवेश कुल–0.933 एकड़ यानि 0.37758 हेक्टेयर है और जो ग्राम–सोगराहा, थाना–तेघड़ा, राजस्व थाना– 389, अंचल– तेघड़ा, जिला–बेगूसराय में है, जिसका विवरण निम्नवत है :–

क्र0 सं0	खाता सं0	सर्वे मूखंड संख्या	स्वामित्व का प्रकार	भूमि का प्रकार	अर्जन के अधीन क्षेत्र (एकड़ में)	हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता	सीमा (मूखंड सं0) उ0	द0	पू0	प0
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	948	3374	नीज	आवासीय	0.09563	पंकज कुमार सिंह वो पवन कुमार सिंह पिता–राम बिनोद सिंह फुलवारिया वार्ड नं0–24	सड़क	नीज	3371	1410/4428
2	960	3373	नीज	आवासीय	0.04077	पंकज कुमार सिंह वो पवन कुमार सिंह पिता–राम बिनोद सिंह फुलवारिया वार्ड नं0–24	3374	3372	3371	4412
3	359	3372	नीज	आवासीय	0.03311	पंकज कुमार सिंह वो पवन कुमार सिंह पिता–राम बिनोद सिंह फुलवारिया वार्ड नं0–24	3373	कादिर चक शिवाला	3371	4412
4	खतियान उपलब्ध नहीं है।	3371	नीज	आवासीय	0.08006	विकास कुमार सिंह वो विवेक कुमार सिंह पिता–राजकिशोर सिंह वो संजय दास वो मनोज दास वो पिता–अशोक दास, ग्राम–फुलवारिया वार्ड नं0–24	सड़क	सड़क	3368	3373
5	941	3354	नीज	आवासीय	0.08846	आकाश पोद्दार वो अमन कुमार वो सोनू पोद्दार पिता–स्व0 रमेश पोद्दार ग्राम–फुलवारिया वार्ड नं0–7	3350	3361	सड़क	3355
6	खतियान उपलब्ध नहीं है।	3249	–	आवासीय	0.41143	बिहार सरकार	3248	सड़क	3209	3556
7	962	3209	–	आवासीय	0.10601	बिहार सरकार	नीज	सड़क	3208	3237
8	961	3237	नीज	आवासीय	0.00470	चन्द्रशेखर राय पिता–स्व0 रामकिसुन राय वार्ड नं0–18 फुलवारिया, बरौनी	नीज	सड़क	3209	3248
9	944	3248	नीज	आवासीय	0.02693	गणेश राय वो दिनेश राय वो सुधीर राय वो अमर राय वो नवाज राय पिता–योगेन्द्र राय ग्राम फुलवारिया नगरपालिका वार्ड नं0–18	नीज	सड़क	3237	3245/3249
10	खतियान उपलब्ध नहीं है।	3361	नीज	आवासीय	0.0459	अज्ञात	3355	रेलवे	सड़क	3361

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिह्नित किये गये हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण शून्य है।

ग्राम–सोगराहा, थाना–तेघड़ा, राजस्व थाना– 389, अंचल– तेघड़ा, जिला–बेगूसराय में में कुल–0.933 एकड़ यानि 0.37758 हेक्टेयर है।

उपर्युक्त भूमि या किसी उपर्युक्त भूमि के विशेष भाग में पड़े कोयला खदान, लौह–पत्थर, स्लेट या अन्य खनिज है, ऐसे भागों में पड़े हुए खदान एवं खनिज जिसे उस प्रयोजन जिसके लिए भूमि अर्जित की गई है परियोजना के निर्माण चरण के दौरान खोदे जाने या हटाया अथवा उपयोग किए जाने की अपेक्षा है को छोड़कर, आवश्यक नहीं है।

जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, बेगूसराय के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

PR- 014491 (Revenue) 2026-27

समाहर्त्ता, बेगूसराय

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

बिहार सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, बेगूसराय।
अल्पकालीन नीलामी आमंत्रण सूचना संख्या–02/2026–27

भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, बेगूसराय अंतर्गत निम्नलिखित पुराने भवन को तोड़कर हटाने (नींव सहित) एवं स्थल साफ एवं समतल कर उपलब्ध कराने हेतु कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, बेगूसराय द्वारा नीलामी आहूत की गई है। यह नीलामी दिनांक–05.11.2026 को 3:00 बजे अप0 में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, बेगूसराय के कार्यालय कक्ष में की जाएगी।

क्र0 सं0	स्थल/भवन/संरचना का नाम	न्यूनतम नीलामी राशि	नीलामी में भाग लेने आवश्यक राशि (Bank Draft) के माध्यम से	कार्य समाप्ति की अवधि
1	Dismantling work of Old Block Building in Nawkothi Block, Begusarai.	60,400.00	6,100.00	15 दिन
2	Dismantling work of Old Garage Room at D-Type Quarter Campus Site Begusarai.	38,200.00	3,900.00	10 दिन
3	Dismantling Work of Dilapidated Malipur Panchayat Sarkar Building, Gadhpura Block, Begusarai.	36,900.00	3,700.00	10 दिन

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखी जा सकती है।

PR- 014496 (B C D) 2026-27

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, बेगूसराय।

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

ब- अदालत सिविल जज (सिनियर डिविजन) 8, मो0 सीवान।
ह0 वाद सं0-170/2026
संजय कुमार यादव वो. ----मुदईयान
बनाम
विजय यादव वो----मुदालहम
नोटिस बनाम : 1-विजय यादव उम्र 58 वर्ष पिता स्व. चन्द्रिका चौधरी उर्फ चन्द्रिका यादव ---मुदालह नं0-1
2- संतोष कुमार यादव उम्र 35 वर्ष पिता अर्जुन यादव----- मुदालह नं0-2
3- संदीप कुमार यादव पिता राजदेव चौधरी उर्फ राजदेव यादव सभी साकिन पकवलिया थाना हुसैनगंज जिला सिवान पिन कोड 841226 (बिहार) मुदालह नं0-3
विदित हो कि न्यायालय द्वारा निर्गत सम्मन मोसाना आदेशपाल वो निबंधित डाक से आप लोगों पर व्यक्तिगत रूप से तामिल कराने का प्रयास किया गया। जिसे आप लोग तामिल नहीं करते फल स्वरुप इस प्रकाशन के माध्यम से आज आपको सूचित किया जाता है कि आप लोग दिनांक 21 माह12सन2026को10.30 बजे दिन में खुद या वकालतन अपने उत्तर पत्र के साथ उपस्थित होकर संघर्ष करे। वरना आप सबों की अनुपस्थिति में मुकदमा एक पक्षीय रूप से निस्तारित कर दिया जाएगा। इसे अति आवश्यक समझे।
आज दिनांक 14 माह 10सन 2026 वो मेरे हस्ताक्षर वो न्यायालय की मुहर से निर्गत किया गया।
सिविल जज वरीय कोटी, 8 सिवान।
9/484/26

न्यायलय सिविल जज (वरीय कोटि) - 8, मो0 सिवान
ह0 वाद सं0- 131/2026
संजय कुमार यादव -----मुदई
बनाम
श्रीप्रकाश यादव एवं अन्य-----मुदालहम
नोटिस बनाम : 1- श्री प्रकाश यादव उम्र 59 वर्ष पिता स्व-विद्या प्रसाद, 2- जय प्रकाश यादव उम्र-57 वर्ष पिता स्व-विद्या प्रसाद 3- सत्यप्रकाश यादव उम्र 54 वर्ष पिता स्व-विद्या प्रसाद फरीक 1 4- संतोष कुमार यादव उम्र 32 वर्ष पिता श्रीअर्जुन यादव--फरीक-2
5- बबन चौधरी उम्र 65 वर्षे पिता स्व सीताराम चौधरी ---फरीक - 3
सभी सा0- पकवलिया थाना हुसैनगंज-जिला सिवान। -841226
6- हाकिम गिरी न्यायमित्र ग्राम पंचायत भवन गौसोपाली जिला सिवान फरीक 4
विदित हो कि न्यायालय द्वारा निर्गत सम्मन मौसाना आदेशपाल वो निर्बंधित डाक से आप लोगों पर व्यक्तिगत रूप तामिल करने का प्रयास किया गया जिसे आप लोग तामिल नहीं करते फल स्वरुप इस प्रशासन के माध्यम से आप लोगों को सूचित किया जाता है कि आप लोग दिनांक दि0- 20 माह11 सन् 2026 ई को 10-30 बजे दिन में खुद या वकालतन अपने उत्तर पत्र के साथ उपस्थित होकर संघर्ष करें, वरना आप सबो की अनुपस्थिति में मुकदमा एकपक्षीय रूप से निस्तारित कर दिया जायेगा। इसे अति आवश्यक समझे।
आज़ दि0 14 माह10सन 2026 को मेरे हस्ताक्षर वो न्यायालय की मुहर वे निर्गत किया गया।
सिविल जज वरीय कोटी 8, सिवान।
9/484/26